14/5/22 पत्रावली पेश हुयी। बहस वकील प्रार्थी सुनी। पत्रावली वास्ते निर्णय दि. 30.05.22 को पेश

30/5/2022

पत्रावली आज वास्ते निर्णय/आदेश पेश हुयी। वकील प्रार्थी उप0। पत्रावली मे बहस पूर्व मे सुनी जा चुकी है। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यों को दोहरान करते हुए कथन किया था कि ग्राम बधावाला भोपालपुरा स्थित वादग्रस्त आराजी खाता स0 59, 152, 197, 247, 250 की खातदारी मे प्रार्थीगण के पिता का नाम गोदिया, बोदिया गलत दर्ज है जबकि प्रार्थीगण के पिता का सही नाम गोरुराम है। परन्तु राजस्व रिकार्ड बनाते समय सहवन से वादग्रस्त आराजी मे खातेदार के पिता का नाम कही पर गोदिया कही पर बादिया गलत दर्ज कर दिया गया। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र के समर्थन मे विद्युत विभाग के दस्तावेज, ग्राम पंचायत डेहरा जोहडी का प्रमाण पत्र 16.08.2018, ग्राम पंचायत डेहरा जोहडी का प्रमाण पत्र 27.08.2021, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज आदि की प्रतियां पेश की जिनमे प्रार्थीगण के पिता का सही नाम दर्ज है। प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र के समर्थन मे गवाह रामोतार पुत्र गिरधारी जाति माली, बहादुर पुत्र गोरुराम, महेन्द्र कुमार पुत्र माधुराम जाति माली निवासी ढाणी झगडेत का लिखित व तस्दीकशुदा शपथ पत्र प्रस्तुत किया।

बहस पर मनन व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। जिससे जाहिर है कि विवादित आराजी के वर्तमान राजस्व रिकार्ड मे प्रार्थीगण के पिता का नाम गलत दर्ज है। खातेदार प्रार्थीगण के पिता के सही नाम की पुष्टि विद्युत विभाग के दस्तावेज, ग्राम पंचायत डेहरा जोहडी का प्रमाण पत्र 16.08.2018, ग्राम पंचायत डेहरा जोहडी का प्रमाण पत्र 27.08.2021, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज तथा गवाह रामोतार पुत्र गिरधारी जाति माली, बहादुर पुत्र गोरुराम, महेन्द्र कुमार पुत्र माधुराम जाति माली निवासी ढाणी झगडेत के लिखित व तस्दीकशुदा शपथ पत्र से इसकी पुष्टि होती है। इस प्रकार प्रस्तुत रिकॉर्ड, दस्तावजात के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाना उचित है।

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना (सीकर)

हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाता है तथा निम्नानुसार दुरुस्ती के आदेश दिये जाते है -

राजस्व ग्राम	भूमि का विवरण	वर्तमान प्रविष्टि	अमल दरामद की जाने वाली प्रविष्टि
बधावाला भोपालपुरा	खाता स0 59	बोदिया पुत्र हणमान	गोरुराम पुत्र हणमान
बधावाला भोपालपुरा	खाता स0 152	बोदिया पुत्र हणमान	गोरुराम पुत्र हणमान
बधावाला भोपालपुरा	खाता स0 197	गोरु पुत्र हणमान	गोरुराम पुत्र हणमान
बधावाला भोपालपुरा	खाता स0 247	झाबरमल पुत्र गोदिया	झाबरमल पुत्र गोरुराम
		बहादुरमल पुत्र गोदिया	बहादुरमल पुत्र गोरुराम
		सुन्दरलाल पुत्र गोदिया	सुन्दरलाल पुत्र गोरुराम
		श्योकोरी पत्नी गोदिया	श्योकोरी पत्नी गोरुराम
बधावाला भोपालपुरा	खाता स0 250	बोदिया पुत्र हणमान	गोरुराम पुत्र हणमान

शेष इन्द्राजात बदस्तूर रहे। पत्रावली बाद फैसल शुमार व नम्बर से कम होकर दफतर दाखिल हो।

निर्णय सर इजलास सुनाया गया।

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना

Scanned with OKEN Scanner